काली नदी पर तटबंध निर्माण

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तराखंड के पिथौरागढ़ ज़िले के ज़िलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने बताया कि काली नदी के कहर से भारतीय भूमि को बचाने के लिये तटबंध निर्माण का कार्य शुरू हो गया है।

प्रमुख बिंदु

- 936 मीटर लंबा और तीन मीटर चौड़ाई वाला तटबंध धारचूला के घटखोला से खोखलि तक बनाया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि भारत-नेपाल सीमा का निर्धारण करने वाली काली नदी से इस क्षेत्र में भारी भू-कटाव होता है।
- नेपाल की तरफ तटबंध होने और भारत में तटबंध न होने से हर साल काली नदी बड़े पैमाने पर कटाव करती है, परिणामस्वरूप नदी का बहाव व कटाव भारत की तरफ होता जा रहा है।
- काली नदी (जिसे महाकाली, कालीगंगा या शारदा के नाम से भी जाना जाता है) उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में प्रवाहित होती है।
- इस नदी का उद्गम उत्तराखंड के पिथौरागढ़ ज़िले में कालापानी नामक स्थान से होता है। अपने ऊपरी मार्ग पर यह नदी नेपाल के साथ भारत की निरंतर पूर्वी सीमा बनाती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/embankment-on-kali-river